बिहार लोक सेवा आयोग,

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना

आवश्यक सूचना–सह–दिशा निर्देश

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार के अधीन राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों के अंतर्गत प्रकाशित वि.सं. 50/2020 (Associate Professor, Mechanical Engg.) के उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि सम्बन्धित विज्ञापनों में निहित शर्तों के आधार पर अर्हित/औपबंधिक रूप से अर्हित/अनर्हित उम्मीदवारों की सूची (कारण सहित) आयोग के बेवसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर प्रकाशित की गयी है।

2. अनर्हित उम्मीदवारों को यदि अपनी अनर्हता पर कोई आपत्ति हो तो वे अपनी उम्मीदवारी के सम्बन्ध में साक्ष्य/ प्रमाण (जो प्रासंगिक हों) के साथ आयोग के बेवसाईट पर उपलब्ध विहित आपत्ति प्रारूप में आपत्ति अभ्यावेदन **सिर्फ निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट** के माध्यम से इस प्रकार भेजें कि वह दिनांक–15.10.2022 तक परीक्षा नियंत्रक, बिहार लोक सेवा आयोग, 15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना– 800001 को अवश्य प्राप्त हो जाए।

3. आपत्ति अभ्यावेदन के साथ–साथ बेवसाईट पर उपलब्ध विहित आपत्ति प्रारूप को साक्ष्य सहित भरकर संलग्न करना आवश्यक होगा।

4. अनर्हित उम्मीदवारों के सम्बन्ध में प्रकाशित अनर्हता के कारणों से सम्बन्धित सभी साक्ष्य/प्रमाण तथा विहित प्रारूप में भरी गई सूचनाओं एवं अंकित दिशा–निर्देश के आलोक में सम्बन्धित प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रतियाँ अनिवार्य रूप से संलग्न करना सुनिश्चित करेंगे।

5. आपत्ति अभ्यावेदन के विचारोपरान्त उम्मीदवारों को अर्हित योग्य पाये जाने पर उन्हें औपबंधिक रूप से अर्हित किया जायेगा। तत्पश्चात् अर्हित/औपबंधिक रूप से अर्हित उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा।

6. उम्मीदवारों के रजिस्ट्रेशन नम्बर को ही अनुक्रमांक माना गया है। उम्मीदवार प्रकाशित सूची में अपने रजिस्ट्रेशन नम्बर, नाम एवं जन्म तिथि के आधार पर अर्हता/अनर्हता की स्थिति से अवगत हो सकते हैं।

11.10.22

परीक्षा नियंत्रक,

बिहार लोक सेवा आयोग, पटना